को खोलने से सम्बन्धित प्रस्तावो पर विचार करती है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा नई तकनीकी संस्थाओ के खोलने के प्रस्ताव पर कोई प्रतिबध नहीं लगाया गया है।

शिक्षक शिक्षा कालेजों के लिए केन्द्रीय स्तर पर अभी तक कई सांविधिक प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

विधि कालेजो का गठन स्थानीय आवश्यकताओ को ध्यान मे रखकर संबंधित विश्वविद्यालय के साथ सम्बद्धन सहित किया जाता है।

**आठवीं योजना अवधि के दौरान कोयले की मांग तथा उत्पादन**

1208 श्री अ ी. जोगी
कुमारी आलिया :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवी पचवर्षीय योजना के अंत तक कोयले की कुल कितनी अनुमानित माग होगी तथा कितनी मात्रा मे उत्पादन होने की संभावना है,

(ख) क्या इस संबंध मे कोई दीर्घ-अवधि नीति तैयार की जा चुकी है,

(ग) यदि हा, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश मे स्थित कोयला खानो मे इसकी प्रतिशतता क्या होगी ?

**ऊर्जा मंत्री (श्री कल्याण सिंह कालवी)** (क) से (ग) आठवी पचवर्षीय योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। किंतु योजना आयोग द्वारा गठित आठवी पचवर्षीय योजना के लिए कोयला तथा लिग्नाइट से संबधित कार्यकारी दल ने आठवी योजना के अंतिम वर्ष (1994–95) तक कच्चे कोयले की 315 मि० टन माग होने का अनुमान लगाया है। कार्यकारी दल ने वर्ष 1994–95 तक 310 31 मि० टन कोयला उत्पादन योजना का सुझाव दिया है और माग तथा उपलब्धता के बीच का अंतराल को खान-मुहाना भंडारो तथा इस्पात क्षेत्र के लिए अपेक्षित कोककर कोयले के आयात द्वारा पूरा किए जाने का प्रस्ताव है। उत्पादन में वृद्धि निम्नलिखित के जरिए प्राप्त किया जाएगा—उत्पादकता, विद्यमान खानों तथा चालू परियोजनाओं के उत्पादन द्वारा और नई परियोजनाओं का विकास करके।

(घ) मध्य प्रदेश मे स्थित कोयला क्षेत्रो से वर्ष 1994–95 के दौरान कोयले का उत्पादन, अखिल भारतीय उत्पादन के लगभग 27% प्राप्त होने की संभावना है।

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालयों का खोला जाना**

1209. श्री अजीत जोगी :
कुमारी आलिया :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कुछ और क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का विचार है,

(ख) यदि हा, तो ये कार्यालय कब तक खोले जायेंगे ;

(ग) क्या मध्य प्रदेश मे भी एक क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाने के लिए कोई मांग की गई है; और

(घ) यदि हा, तो यह कार्यालय वहा पर कब तक खोले जाने की संभावना है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागेय गोवर्धन) :** (क) जी, नही।

(ख) प्रश्न नही उठता।

(ग) और (घ) मध्य प्रदेश मे एक नया क्षेत्रीय कार्यालय खोलने के सुझाव की जाच की गई थी। परन्तु केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने कोई भी नया क्षेत्रीय विद्यालय नही खोलने का निश्चय किया है।